# बीयू में रेसिंग कैपिटल एंड मैनेजिंग फाइनेंस फॉर स्टार्टअप पर हुई ऑनलाइन कार्यशाला

भास्कर न्यूज़ | जगदलपुर



जगदलपुर। कार्यशाला में मौजूद व्याख्याता व विद्यार्थी।

बस्तर विश्वविद्यालय में शनिवार को रेसिंग कैपिटल एंड मैनेजिंग फाइनेंस फॉर स्टार्टअप विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वाणिज्य व मनोविज्ञान अध्ययनशाला द्वारा आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में कंपनी सेक्रेटरी रौनक राठी ने नए स्टार्टअप की शुरूआत और संचालन के लिए विभिन्न वित्तीय स्रोतों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बिजनेस आइडिया और वर्किंग प्रोसेस स्टैंडर्ड के आधार पर ही फंड आसानी से जुटाए जा सकते हैं। फंड रेजिंग के लिए अपने स्टार्टअप का रिकॉर्ड मेंटिन रखना चाहिए। नए स्टार्टअप के लिए सामान्यतः बूटस्ट्रैपिंग, वेंचर कैपिटल, एंजेल इंवेस्टमेन्ट, गवर्नमेंट ग्रांट्स और फाइनेंशियल फोरकास्टिंग जैसे फंड रेजिंग ऑप्शन हैं। सक्सेसफुल बिजनेस ऑनर एंजेल इंवेस्टर के रूप में वित्तीय सहयोग देने आगे आ रहे हैं, वहीं कई दानदाता भी वित्तीय मदद देते हैं।

राज्य और केंद्र सरकार स्व-सहायता समूहों और रजिस्टर्ड सोसाइटी को फंड ग्रांट कर रही हैं। उपलब्धता और बिजनेस हित के अनुसार फंड रेजिंग किए जा सकते हैं। छोटे-बड़े शहरों में इंडस्ट्री पेसिफिक सेमिनार सेशन होते हैं। उसमें भाग लेकर नए स्टार्टअप फंड के लिए प्रयास किया जा सकता है। कार्यशाला मे बीयू की आईआईसी मेंबर डॉ. रश्मि देवांगन में स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन शैली पटेल और आभार प्रदर्शन रंजीता पटेल ने किया। इस दौरान राहुल सिंह, नीलम किरण, भारती भवानी सहित अन्यमौजूद थे।